संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्त्व
रायपुर, छत्तीसगढ़

E-mail: deptt_culture@yahoo.co.in, Website: www.cgculture.in
Phone No.: 0771 - 2537404, Tele-Fax: 0771- 2234731

प्रेस-विज्ञप्ति

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

04 मई 2022-संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्त्व, संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा 18 मई 2022 को **अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस** के उपलक्ष्य में **'संग्रहालयों का हमारे जीवन में महत्त्व'** (Importance of Museums in our life) विषय पर विद्यार्थियों के लिए एक ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता रखा गया है।

प्रतियोगिता में रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत 10वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। हिन्दी अथवा अंग्रेजी में लिखे निबंध ही स्वीकार किये जायेंगे। भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीयन कराना होगा और एक विद्यार्थी एक ही निबंध भेज सकते हैं। प्रत्येक निबंध के केवल एक ही छात्र लेखक होने चाहिए। सहलेखन में निबंध स्वीकार नहीं किये जावेंगे। निबंध के लिये शब्द सीमा 1000-1500 शब्द रखी गई है, जो word document file के रूप में विभागीय इमेलः deptt.culture@gmail.com पर स्वीकार किये जायेंगे।

प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये विद्यार्थियों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन निःशुल्क है। ईच्छुक विद्यार्थी पंजीयन के लिये प्रभात कुमार सिंह, पुरातत्त्ववेत्ता के व्हाट्सएप नंबर 7898370255 पर संपर्क कर अपना पंजीयन नंबर प्राप्त कर सकते हैं। निबंध भेजने से पहले विद्यार्थियों को सबसे पहले अपना नाम, कक्षा, विद्यालय, पता (मोबाइल और इमेल सहित) और विभाग द्वारा आवंटित पंजीयन नंबर का उल्लेख अनिवार्य रूप से करना होगा।

पंजीयन और निबंध प्रविष्टियाँ दिनांक 06 मई 2022 प्रातः 10 बजे से 11 मई 2022 शाम 5:30 बजे तक ही स्वीकार किये जायेंगे। प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा 17 मई 2022 को की जावेगी। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः राशि रूपये 3000, 2000 और 1000 तथा प्राप्तांकों के वरीयता क्रम में 10 विद्यार्थियों को 500-500 रूपये नगद पुरस्कार विभाग द्वारा प्रदान किया जावेगा। पुरस्कार वितरण दिनांक 18 मई 2022 को सुबह 10:30 बजे महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर के सभागार में होगा। सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया जावेगा।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्त्व

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्त्व
रायपुर, छत्तीसगढ़

E-mail: deptt_culture@yahoo.co.in, Website: www.cgculture.in
Phone No.: 0771 - 2537404, Tele-Fax: 0771- 2234731

<u>प्रतियोगिता-निर्देशिका</u>

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्त्व, संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा 18 मई 2022 को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में 'संग्रहालयों का हमारे जीवन में महत्त्व' (Importance of Museums in our life) विषय पर विद्यार्थियों के लिए एक ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता रखा गया है। अधोलिखित निर्देशिका अनुसार ईच्छुक विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं-

- प्रतियोगिता में रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत 10वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।
- हिन्दी अथवा अंग्रेजी में लिखे निबंध ही स्वीकार किये जायेंगे।
- प्रत्येक विद्यार्थी का पंजीयन एक बार ही होगा और एक विद्यार्थी एक ही निबंध प्रस्तुत करेंगे।
- प्रत्येक निबंध के केवल एक ही छात्र लेखक होने चाहिए। सहलेखन में निबंध स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
- निबंध हेतु शब्द सीमा 1000-1500 शब्द निर्धारित हैं, जो word document file के रूप में विभागीय इमेलः deptt.culture@gmail.com पर स्वीकार किये जायेंगे।
- पंजीयन निःशुल्क है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये विद्यार्थियों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है। विद्यार्थी पंजीयन के लिये प्रभात कुमार सिंह, पुरातत्त्ववेत्ता के व्हाट्सएप नंबर 7898370255 पर संपर्क कर अपना पंजीयन नंबर प्राप्त करेंगे।
- निबंध प्रविष्टि में सबसे पहले छात्र अपना नाम, कक्षा, विद्यालय, पता (मोबाइल और इमेल सहित) और विभाग द्वारा आवंटित पंजीयन नंबर का उल्लेख अनिवार्य रूप से करेंगे।
- पंजीयन और निबंध प्रविष्टियाँ दिनांक 06.05.2022 प्रातः 10 बजे से 11.05.2022 शाम 5:30 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे।
- निबंध प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा 17 मई 2022 को की जावेगी।
- प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः राशि रूपये 3000, 2000 और 1000 तथा प्राप्तांकों के वरीयता क्रम में 10 विद्यार्थियों को 500-500 रूपये नगद पुरस्कार प्रदान किया जावेगा।
- पुरस्कार वितरण दिनांक 18 मई 2022 को सुबह 10:30 बजे महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर के सभागार में किया जावेगा।
- सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया जावेगा।

उप संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्त्व